आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.03.2026 समय : 02.10pm

कैबिनेट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक अहम बैठक संपन्न हुई ।बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को 3 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई भत्ता देने की स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही, किसानों के हित में गेहूं उपार्जन पर 40 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस देने का निर्णय लिया गया है, जिससे अब गेहूं की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल पर होगी। मीण क्षेत्रों के लिए 'स्वामित्व योजना' के तहत 46 लाख परिवारों की रजिस्ट्री का स्टांप शुल्क माफ करने का निर्णय लिया गया है, जिससे सरकार पर 3000 करोड़ का वित्तीय भार आएगा। अंतर्राष्ट्रीय तनाव के बीच मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं। साथ ही, 7 विभागों की योजनाओं के लिए 33,240 करोड़ रुपये की निरंतरता को मंजूरी दी गई।

गजट- प्राकृतिक गैस

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार घरेलू पाइपलाइन प्राकृतिक गैस आपूर्ति, परिवहन के लिए सीएनजी, एलपीजी उत्पादन, पाइपलाइन कंप्रेसर ईंधन और अन्य आवश्यक पाइपलाइन परिचालन आवश्यकता वाले क्षेत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में प्राथमिकता दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि आपूर्ति को पिछले छह महीनों की औसत गैस खपत के 100 प्रतिशत परिचालन उपलब्धता के अधीन बनाए रखा जाएगा।

लोकसभा-शिवराज खाद्य उत्पादन

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में देश में खाद्यान्न उत्पादन में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने कहा कि देश ने तीन सौ 57 करोड़ टन के खाद्यान्न उत्पादन से महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लाभ और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए कृषि क्षेत्र में कई सुधार और नीतियां लागू की गई हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत चीन को पीछे छोडकर चावल का विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है। श्री चौहान ने कहा कि खाद्यान्न उत्पादन में संतुलित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना देश भर के सौ जिलों में लागू की गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया है।

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना

मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत आज खण्डवा जिले के वरिष्ठ नागरिक रामेश्वरम और मदुराई की पावन यात्रा पर रवाना होंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि तीर्थयात्रियों के लिए आज मंगलवार को विशेष रेल रवाना की जाएगी, जो दर्शन के पश्चात 16 मार्च को वापस लौटेगी। सभी चयनित यात्रियों को रेलवे स्टेशन के समीप स्थित पार्वतीबाई धर्मशाला में टिकट वितरित किए जा रहे हैं।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रभाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर संभागों में तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है। बीते कल रतलाम 39.2 डिग्री तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। भोपाल, इंदौर और उज्जैन सहित कई प्रमुख शहरों में दोपहर के समय 'लू' जैसी स्थिति बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पश्चिम दिशा से आ रही गर्म और शुष्क हवाओं के कारण तापमान में यह अप्रत्याशित बढ़त हुई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने हेतु पंजीयन की आज अंतिम तिथि है। किसान भाई अपनी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए e-Uparjan पोर्टल पर अपना पंजीयन तुरंत करा लें।
- परिवार की सुख-समृद्धि और सौभाग्य की कामना को लेकर आगरमालवा जिले में भी आज अलसुबह से ही महिलाओं ने शीतलामाता की पूजा-अर्चना की।
- वही शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर खंडवा जिले के माता मंदिरों में भी महिलाएं माता शीतला की पूजा-अर्चना के लिए कतारों में खड़ी दिखाई दीं।
- गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं।
- शिवपुरी के मानस भवन में कल नगर पालिका के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत मेले का आयोजन किया गया।
- मंदसौर में 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।